भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
विधि कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3722
जिसका उत्तर बुधवार, 11 दिसम्बर, 2019 को दिया जाना है

नोटरी अधिकारियों की नियुक्ति

+3722. श्री संजय जाधव :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गत वर्ष के दौरान नोटरी अधिकरियों की नियुक्ति हेतु राज्य-वार साक्षात्कार किए गए थे ;

(ख) यदि हां, तो क्या महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में नोटरी अधिकरियों के रूप में नियुक्ति हेतु सभी आवेदकों को नियुक्ति-पत्र जारी किए जा चुके हैं ;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उत्तर

विधि और न्याय, संचार तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री रविशंकर प्रसाद)

(क) : जी, हां । पिछले वर्ष के दौरान नोटरियों की नियुक्ति के लिए राज्य-वार साक्षात्कार किए गए थे।

(ख) : यह विभाग नोटरियों की नियुक्ति से संबंधित कोई क्षेत्र-वार डाटा नहीं रखता है । डाटा राज्य-वार रखा जाता है ।

(ग) : अभी तक महाराष्ट्र राज्य के लिए 758 व्यवसाय प्रमाण पत्र जारी किए जा चुके है ।

(घ) : महाराष्ट्र राज्य के लिए नोटरी व्यवसाय के शेष प्रमाण पत्र प्रक्रियायात्मक अपेक्षाओं को पूर्ण करने के पश्चात तय समय अवधि में जारी कर दिए जाएगे ।

****